E-MAIL/FAX

संख्या – 10/समा0(जि0भ्र0का0)–48/2018– (10)/रा0

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

डॉ0 श्यामल किशोर पाठक, भा0प्र0से0
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

प्रमण्डलीय आयुक्त,
पूर्णियाँ।

पटना, दिनांक :–

विषय :– **राजस्व संबंधी एवं विशेष सर्वेक्षण कार्यों की विभागीय पदाधिकारियों द्वारा पूर्णियाँ प्रमण्डल/जिला स्तर पर समीक्षा के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार राजस्व संबंधी कार्यों यथा– भू–सर्वेक्षण, ऑनलाईन दाखिल खारिज/भू–लगान/परिमार्जन भूमि अधिग्रहण, भू–अभिलेखों के अद्यतीकरण, भूमि हस्तान्तरण/बन्दोबस्ती, जल निकाय अतिक्रमण, माननीय उच्च न्यायालय में लंबित वादों, सेवान्त लाभ एवं अन्य विषयों के निष्पादन तथा विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों की प्रगति एवं इससे संबंधित समस्याओं के संबंधित मामलों को प्रमण्डललीय/जिला स्तर पर विभागीय पदाधिकारियों के माध्यम से समीक्षा कराये जाने का निर्णय लिया गया है, ताकि जिला में कार्यों के निष्पादन में होने वाली कठिनाईयों की जानकारी के आधार पर दिशा–निदेश दिया जा सके और इसके त्वरित निष्पादन से राज्य की जनता को लाभ प्राप्त हो सके। उक्त संदर्भ में, **अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार की अध्यक्षता में पूर्णियाँ प्रमण्डल** की समीक्षात्मक बैठक दिनांक– 24.11.2020 एवं 25.11.2020 को पूर्वाह्न 11:00 बजे आहूत होगी। प्रमण्डल/जिला स्तर पर राजस्व कार्यों की समीक्षा हेतु रोस्टर का निर्धारण निम्नवत किया जाता है:–

1. दिनांक–24.11.2020 को पूर्णियाँ प्रमण्डल में सम्मिलित जिले के सभी समाहर्त्ता, सभी अपर समाहर्त्ता, सभी जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सभी अंचलाधिकारी एवं सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी बैठक में भाग लेंगे।

2. दिनांक– 24.11.2020 की समीक्षात्मक बैठक के प्रथम सत्र में राजस्व संबंधी विषयों के साथ विशेष सर्वेक्षण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की जायेगी। द्वितीय सत्र में विशेष सर्वेक्षण कार्य में अधिकार–अभिलेख तैयार करने के क्रम में आने वाली समस्याओं से संबंधित मामलों पर निदेशालय स्तर पर तैयार किए गए MARBLE (Map and Record Based Land Entitlement) पर विमर्श किया जाएगा। इस संबंध में जिला से संबंधित विशिष्ट प्रकार की समस्याओं के संबंध में समस्या एवं सुझाव देने के लिए जिला स्तर से जिले के सरकारी अधिवक्ता एवं वैसे अनुभवी अधिवक्ताओं जिन्हें वादों में राजस्व विषयों से संबंधित वादों में विशिष्टता प्राप्त हो, को बैठक में भाग लेने हेतु जिला द्वारा आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में भाग लेने वाले अधिवक्ताओं की सूची मोबाईल नं0 सहित निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप को उपलब्ध कराई जाय।

3. दिनांक– 25.11.2020 को पूर्णियाँ प्रमण्डल में सम्मिलित प्रत्येक जिले में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले अंचल एवं विशेष सर्वेक्षण के लिए चयनित अंचल में चल रहे विशेष सर्वेक्षण शिविरों के कार्यों की समीक्षा राज्य स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा की जाएगी। जिसका विवरण निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | अंचल का नाम | विभागीय पदाधिकारी नाम | पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 01. | अररिया | कुरसकाटा | श्री कंचन कपुर | संयुक्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना। |
| 02. | पूर्णियाँ | श्रीनगर | श्री मनोज कुमार झा | उप सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना। |
| 03. | किशनगंज | ठाकुरगंज | श्री अनिल कुमार सिंह | अनुदेशक, चकबंदी, भू–अर्जन निदेशालय, बिहार, पटना। |
| 04. | कटिहार | कुरसेला | श्री मुकुल कुमार | सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना। |

4. मूल्यांकन का आधार दिनांक– 20.11.2020 तक का प्रगति प्रतिवेदन होगा।

अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा निर्धारित समीक्षा की तिथि को उनके साथ बैठक में श्री राधेश्याम साह, भा0प्र0से0, विशेष सचिव/डॉ0 श्यामल किशोर पाठक, भा0प्र0से0, विशेष सचिव/श्री जय सिंह, भा0प्र0से0, निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय/श्री अखिलेश कुमार झा, निदेशक, भू–अर्जन निदेशालय/श्री वीरेन्द्र कुमार पासवान, संयुक्त सचिव/श्री कंचन कपुर, संयुक्त सचिव/श्री नवल किशोर, संयुक्त सचिव, चकबंदी/श्रीमती सईदा खातुन, उप निदेशक/श्री अनिल कुमार सिंह, अनुदेशक, चकबंदी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

प्रमण्डलीय बैठक हेतु कार्यावली संलग्न है।

**अनुलग्नक–** यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/–
(श्यामल किशोर पाठक),
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक–10/सम0(जि0भ्र0का0)–48/2018–............................(10)/रा0, दिनांक–............................

प्रतिलिपिः– सभी विशेष सचिव/निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप/निदेशक, भू–अर्जन/सभी संयुक्त सचिव/संयुक्त निदेशक, चकबंदी/श्री मुकुल कुमार, उप सचिव/श्री मनोज कुमार झा, उप सचिव/श्रीमती सईदा खातून, उप निदेशक, सर्वे कार्यालय, गुलजारबाग/श्री अनिल कुमार सिंह, अनुदेशक, चकबंदी/श्री अनुपम प्रकाश, राजस्व पदाधिकारी, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(श्यामल किशोर पाठक)
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक–10 / सम0(जि0भ्र0का0)–48 / 2018–............................(10) / रा0, दिनांक–....................

प्रतिलिपि :–श्री विनोद कुमार झा, सदस्य, भूदान भूमि वितरण जाँच आयोग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(श्यामल किशोर पाठक)
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक–10 / सम0(जि0भ्र0का0)–48 / 2018–.....353.....(10) / रा0, दिनांक–....13-11-2020

प्रतिलिपि :–समाहर्त्ता, पूर्णियाँ, कटिहार, किशनगंज एवं अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि अपने जिला के संबंधित अपर समाहर्त्ता, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता / जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी को अपने स्तर से सूचित करने की कृपा की जाए।

2. समाहर्त्ता, पूर्णियाँ से अनुरोध है कि अपने जिला में कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने एवं बचाव के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना द्वारा जारी दिशा निदेश के आलोक में, सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करते हुए बैठक हेतु स्थल निर्धारित कर संबंधित पदाधिकारियों / कर्मचारियों को ससमय उपस्थित रहने की सूचना देने की कृपा की जाए।

3. उक्त कार्यक्रम के अनुसार जिला अतिथिगृह में अधिकारियों के आवासन हेतु कमरा आरक्षित कराने की कृपा करेंगे।

(श्यामल किशोर पाठक)
सरकार के विशेष सचिव।

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134 / 2017..........................

**ज्ञापांक** :– 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134 / 2017.....1225.....**पटना, दिनांकः–** 17-11-2020

**प्रतिलिपि** :– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय / श्री राकेश कुमार, सहायक, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं उल्लेखित तिथि को वाहन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**(जय सिंह)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134 / 2017.....1225.....**पटना, दिनांकः–** 17-11-2020

**प्रतिलिपि** :– सभी संबंधित जिलों के भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय स्तर से प्राधिकृत वरीय पदाधिकारियों को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134 / 2017.....1225.....**पटना, दिनांकः–** 17-11-2020

**प्रतिलिपि** :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

## दिनांक– 24.11.2020 पूर्णियाँ प्रमण्डल के समीक्षात्मक बैठक हेतु कार्यावली

1. ऑनलाईन दाखिल खारिज
2. ऑनलाईन भू–लगान
3. सरजमीनी सेवाएँ
4. जमाबंदी अद्यतीकरण
5. परिमार्जन की प्रगति
6. भू–सर्वेक्षण
7. भूमि अधिग्रहण
8. भू–अभिलेखों के अद्यतीकरण
9. भूमि हस्तांतरण / बन्दोबस्ती / अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय एवं पदाधिकारी / कर्मचारियों के आवास हेतु भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में।
10. जल निकायों का अतिक्रमण
11. माननीय सर्वोच्च न्यायालय / उच्च न्यायालय में लम्बित मामले
12. सेवान्त लाभ
13. ऑपरेशन भूमि दखल–देहानी
14. अभियान बसेरा
15. खास महाल भूमि
16. निगरानी वाद से संबंधित मामले तथा विभागीय कार्यवाही
17. वासगीत पर्चा
18. विशेष सर्वेक्षण कार्य में अधिकार–अभिलेख तैयार करने के संबंध में आनेवाली समस्याओं के सम्बन्ध में तैयार किए गए MARBLE (Map and Record Base Land Entitlement) पर विमर्श।
19. अन्यान्य